## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 05.06.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. विवादों के बीच मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रांची के सिरमटोली फ्लाइओवर को आज करेंगे जनता को समर्पित, उदघाटन समारोह को लेकर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध।
2. जैक इंटर आर्ट्स का रिजल्ट आज होगा जारी, इस वर्ष परीक्षा में दो लाख अठाइस हजार से ज्यादा विद्यार्थी हुए हैं शामिल।
3. विश्व पर्यावरण दिवस पर आज राज्यभर में कई कार्यक्रमों का आयोजन, रांची में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किया पौधारोपण अभियान का नेतृत्व।
4. गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा समेत राज्य के कई जिलों में आज भी बारिश के आसार, अगले तीन दिन मौसम में बदलाव की संभावना नहीं।
5. राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता के लिए चयन ट्रायल सात जून को रांची में, राज्य भर के 15 वर्ष आयु वर्ग के पहलवान ले सकेंगे हिस्सा।

*******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज रांची का सिरमटोली फ्लाईओवर जनता को समर्पित करेंगे। गौरतलब है कि विवादों के बीच राज्य सरकार द्वारा सिरमटोली फ्लाईओवर का उद्घाटन किया जा रहा है। उद्घाटन को लेकर इलाके में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। गौरतलब है कि इस फ्लाइओवर के रैंप को लेकर कल आदिवासी संगठनों ने झारखंड बंद किया था। आदिवासी संगठनों का आरोप है कि फ्लाईओवर का रैंप सरना धर्म स्थल के निकट बनाया गया है, जो उचित नहीं है।

*******************

झारखंड अधिविद्य परिषद– जैक आज दोपहर दो बजे इंटर आर्ट्स का रिजल्ट जारी करेगा। यह रिजल्ट जैक के अध्यक्ष डॉ. नटवा हंसदा द्वारा जारी किया जाएगा। विद्यार्थी अपने परीक्षा परिणाम डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट जैक रिजल्ट्स डॉट कॉम या डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट रिजल्ट्स डॉट डिजिलॉकर डॉट गोव डॉट इन पर देख सकेंगे। वेबसाइट पर रिजल्ट दोपहर बाद तीन बजे से उपलब्ध रहेगा।

*******************

विश्व पर्यावरण दिवस पर आज राज्यभर में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। रांची में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पौधारोपण अभियान का नेतृत्व किया। वे डोरंडा स्थित फारेस्ट ऑफिस काम्प्लेक्स में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हो रहे हैं।

*******************

इस बीच राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने विश्व पर्यावरण दिवस की शुभकामनाएं दी हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने लोगों से प्रकृति की रक्षा और अधिकाधिक वृक्षारोपण का संकल्प लेने की अपील की है।

*******************

अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस के मौके पर कोडरमा में भी जगह–जगह पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। मुख्य कार्यक्रम झुमरी तिलैया शहर के बस स्टैंड परिसर में आयोजित किया गया, जहां उपायुक्त ऋतुराज ने क्लीन तिलैया –ग्रीन तिलैया कैंपेन की शुरुआत की। इस मौके पर उन्होंने लोगों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलायी। उन्होंने कहा कि जिले के शहरी क्षेत्र में खाली पड़े भूभाग पर एक ग्रीन स्पेस तैयार किया जाएगा।

*******************

उधर, पाकुड़ जिले में पर्यावरण दिवस पर मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। इसमें उपायुक्त मनीष कुमार, पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी सहित अन्य पदाधिकारी शामिल हुए। उन्होंने समाहरणालय, प्रखंड कार्यालय सहित दर्जनों स्थानों पर पौधा रोपण किया। इस मौके पर स्कूली बच्चों ने जागरूकता रैली निकालकर लोगों से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

*******************

राज्य की पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय ने दोहराया है कि सरकार पेसा कानून लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है। रांची में मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि पेसा कानून के लिए लोगों से सुझाव लिये जा रहे हैं और झारखंड में पेसा कानून प्रभावी तरीके से लागू होगा।

*******************

रांची के लापुंग में पुलिस और ग्रामीणों के बीच पिछले दिनों हुई झड़प की घटना की जांच तेज कर दी गयी है। राज्य की कृषि मंत्री ने आशंका व्यक्त की है कि इस घटना के पीछे बाहरी तत्वों का हाथ हो सकता है। रांची में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि  घटना की जांच हो रही है। जल्द ही सच सामने आ जायेगा।

*******************

सिमडेगा जिले में मादक पदार्थों के इस्तेमाल पर रोक लगाने के लिए कई स्तरों पर प्रयास किये जा रहे हैं।

*******************

घरेलू बेंचमार्क इक्विटी सूचकांक आज बढ़त के साथ खुले। निवेशक भारतीय रिजर्व बैंक की नीति बैठक से ब्याज दरों में कटौती का इंतजार कर रहे हैं। पिछले सत्र से बढ़त को जारी रखते हुए सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 198 अंक चढ़कर 81 हजार 196 पर पहुंच गया, जबकि निफ्टी शुरुआती सत्र में 71 अंक चढ़कर 24 हजार 691 पर कारोबार कर रहा था।

*******************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव नब्बे हजार चार सौ रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख आठ हजार रुपये प्रति किलो है।

*******************

मौसम विज्ञान केन्द्र रांची ने आज भी गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा,पाकुड़, साहेबगंज सहित प्रदेश के पूर्वी भाग में गर्जन के साथ बारिश होने की संभावना व्यक्त की है। मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन दिन मौसम में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है।

*******************

अंडर–15 राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए झारखंड राज्य अंडर–15 बालक फ्रीस्टाइल, ग्रीको रोमन स्टाइल और बालिका फ्रीस्टाइल कुश्ती प्रतियोगिता सह टीम के चयन ट्रायल का आयोजन सात जून को होगा। रांची के मोरहाबादी स्थित कुश्ती प्रशिक्षण केंद्र मोरहाबादी में आयोजित होने वाले ट्रायल में राज्यभर के 15 वर्ष आयु वर्ग के पहलवान हिस्सा ले सकेंगे।

***********